TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 28 जून

1. **वर्साय की संधि–** प्रथम विश्वयुद्ध में हार के बाद जर्मनी ने 28 जून, 1919 ई. के दिन वर्साय की संधि पर हस्ताक्षर किये थे। इस संधि के पश्चात् जर्मनी को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इससे जर्मनी को आर्थिक, राजनैतिक, सैन्य नुकसान के साथ–साथ भूमि का एक हिस्सा गवाँना पड़ा था। संधि के कठोर नियमों से जर्मनी असंतुष्ट था और उसके विरोध के कारण कई बार संधि प्रावधानों में संशोधन करना पड़ा। इस असंतोष, नियमों के बार–बार संशोधन और उल्लंघन ने संधि के ठीक 20 वर्ष 2 महीने और 4 दिनों के बाद द्वितीय विश्व युद्ध को जन्म दिया।
2. **पी.वी नरसिम्हा राव का जन्मदिवस–** भारत के 9वें प्रधानमंत्री पामुलापति वेंकट नरसिम्हा राव का जन्म 28 जून, 1921 ई. को आंध्र प्रदेश के करीमनगर (वर्तमान तेलंगाना) में हुआ था। वे 21 जून, 1991 ई. से लेकर 16 मई, 1996 ई. तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। इसके पूर्व 30 सितम्बर, 1971 से 10 जनवरी, 1973 ई. तक आंध्र प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री भी रह चुके थे। राजनीति के अलावे भारतीय दर्शन एवं संस्कृति, लेखन में भी उनकी रूचि थी।
3. **सैक्सोफोन का पेटेंट–** 28 जून, 1846 ई. को बेल्जियम के एडोल्फ सैक्स ने सैक्सोफोन का पेटेंट कराया था। एडोल्फ सैक्स एक म्यूजीशियन और इंस्ट्रूमेंट डिजाइनर थे। सैक्सोफोन एक वायु वाद्ययंत्र है।
   - **क्या करें?** बच्चों को विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्रों के बारे में बतायें।
4. **अंतर्राष्ट्रीय अंग छेदन दिवस–** लड़कियों को आपने नाक, कान को छिदवाये जरूर देखा होगा। प्राचीन काल में भी राजा महाराजा या धनी लोग कानों में कुंडल पहना करते थे। वर्तमान समय में भी अंग छेदन एक फैशन का रूप ले चुका है। शौकिया तौर पर कई लड़के भी कान, नाक, भौंह, नाभि, होठ का छेदन करवाते हैं। पश्चिमी देशों में इसका प्रचलन काफी बढ़ा है। अंग छेदन दिवस मनाने की शुरूआत अमेरिका के कैलिफोर्निया में अंग छेदन के लिए मशहुर प्रोफेशनल जिम वार्ड्स ने अपने जन्मदिन 28 जून के अवसर पर किया था।
5. **अंतर्राष्ट्रीय कैप्स लॉक डे–** आपने कम्प्यूटर या टाइपराइटर के की–बोर्ड पर 'कैप्स लॉक' का बटन जरूर देखा होगा। पहले टाइपराइटरों में बड़े अक्षरों को लिखने के लिये दो शिफ्ट बटन हुआ करते थे। चुंकि दो शिफ्ट कुंजी को दबाने के लिए अधिक बल की आवश्यकता होती थी और इसे दबाने के लिए छोटी उंगली का इस्तेमाल किया जाता था। लगातार दो या तीन से अधिक स्ट्रोक के लिए शिफ्ट को दबाए रखना मुश्किल होता था और यह उंगली की मांसपेशियों में दर्द का कारण बन जाता था। इसलिए की–बोर्ड में कैप्स लॉक कुंजी को जोड़ा गया जिससे अक्षरों को

F r i d a y

# दिवस विशेष

28 जून

मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय कैप्स लॉक दिवस 28 जून




अंतर्राष्ट्रीय कैप्स लॉक दिवस वर्ष में दो बार 28 जून और 22 अक्टूबर को मनाया जाता है। ये दो दिन किसी भी लिखित संचार के दौरान कैप्स लॉक कुंजी के उपयोग के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए समर्पित हैं। हालाँकि, इस दिन को शुरू में एक पैरोडी के रूप में शुरू किया गया था, जिसकी प्रासंगिकता वर्ष 2000 में कैप्स लॉक बैक के अनावश्यक उपयोग से थी। अंतर्राष्ट्रीय कैप्स लॉक दिवस इसी  दिन,लोकप्रिय टेलीविजन पिचमैन बिली मेस का 2009 में निधन हो गया। वह एक प्रसिद्ध अमेरिकी टेलीविजन विज्ञापन विक्रेता थे। बिली को कैप्स लॉक की बहुत ही घटना और खोज से प्यार था, और इसके उपयोग के लिए उनका जुनून उनके सभी टीवी विज्ञापनों और इन्फोमेरियल में काफी प्रचलित था। बिली मेस की इसी आदत ने उन्हें विश्व स्तर पर प्रसिद्ध बना दिया। इसलिए, जब 13 साल पहले 28 जून को उनकी मृत्यु हुई, तो इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय कैप्स लॉक दिवस के रूप में याद किया जा रहा है। इस तरह, अंतर्राष्ट्रीय कैप्स लॉक दिवस मनाने के लिए यह वार्षिक वर्ष में दूसरा दिन बन गया।अंतर्राष्ट्रीय कैप्स लॉक दिवस मनाने का हर व्यक्ति का अपना तरीका होता है। कुछ केवल बड़े अक्षरों में लिखते हैं और कुछ पूरे दिन इसका उपयोग नहीं करते हैं। कुछ उसी के बारे में सोशल मीडिया पर टेक्स्ट और ट्वीट का आदान-प्रदान करते हैं। हालांकि, किसी को पता होना चाहिए कि उन्हें कब व्याकरण की दृष्टि से कैप्स लॉक का उपयोग करने की आवश्यकता है, और कब नहीं। दूसरों को इसकी प्रासंगिकता के बारे में शिक्षित करें, और इसमहत्वपूर्ण कीवर्ड का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए। इसलिए परिवार और दोस्तों को हैप्पी इंटरनेशनल कैप्स लॉक डे 2023 की शुभकामनाएं दें, और अपने तरीके से इस मस्ती का भरपूर लाभ उठाएं।

# जन्मदिन विशेष 28 जून

राकेश कुमार




**जसपाल राणा** *Jaspal Rana*; जन्म- 28 जून, 1976, चिलामू, टिहरी गढ़वाल) भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज हैं। वर्ष 1995 की कॉमनवेल्थ शूटिंग चैंपियनशिप में 8 स्वर्ण जीतकर जसपाल राणा ने नया रिकॉर्ड बनाया था। भारत के दो अन्य निशानेबाजों राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और अभिनव बिन्द्रा ने ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजी का इतिहास रचा था, किंतु यदि यह कहा जाए कि जसपाल राणा ने इस भरोसे की नींव रखी थी तो ग़लत नहीं होगा। उन्हें 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने एशियाई, विश्व कामनवेल्थ, राष्ट्रमण्डल व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक रिकार्ड स्थापित किए हैं।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 28.06.2024

## कुटिल लिपि

गुप्त लिपि का परिवर्तित रूप मानी जाने वाली इस लिपि को 'न्यूनकोणीय लिपि' तथा 'सिद्ध मातृका' लिपि भी कहा जाता है। इस लिपि में अक्षरों के सिर ठोस त्रिकोण जैसे हैं, लेकिन कहीं-कहीं ये आड़े-तिरछे, टेढ़े-मेढ़े या कुटिल ढंग से भी हैं। यह लिपि छठी शताब्दी से 9वीं शताब्दी तक प्रचलन में रही।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज **डेविड वॉर्नर** ने इंटरनेशनल क्रिकेट को **अलविदा** कह दिया है। **टी-20 वर्ल्ड कप** में ऑस्ट्रेलिया के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उन्होंने यह **घोषणा** की है।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## डकवर्थ लुईस नियम



**डकवर्थ लुईस नियम** क्रिकेट के सीमित मैच के दौरान किसी प्रकार की प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों एवं अन्य स्थितियों में अपनाया जाने वाला नियम है, ताकि मैच अपने निर्णय तक पहुँच सके। यह नियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। इस नियम के तहत घटाए गए ओवरों में नए लक्ष्य निर्धारित किये जाते हैं।

इस लक्ष्य निर्धारण विधि को एक ख़ास सांख्यिकीय सारणी की मदद से निकाला जाता है जिसका संशोधन समय-समय पर होता रहता है। इस नियम का विकास इंग्लैंड के दो सांख्यिकी के विद्वान फ्रैंक डकवर्थ और टौनी लुईस ने किया था।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# TOB बूझो तो जानें..



426

चार कोनों का नगर बना, चार कुँए बिन पानी, चोर 18 उसमे बैठे लिए एक रानी, आया एक दरोगा, सब को पीट-पीट कर कुँए में डाला, बताओ क्या ..... बुझो तो जानें ?



www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

आदर्श राजनीतिज्ञ, महान
चिंतक एवं समाज सुधारक,
देश के पूर्व प्रधानमंत्री

# पी.वी. नरसिंह राव

की जयंती पर सादर नमन।



जन्म- 28 जून 1921- मृत्यु - 23 दिसंबर 2004

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

HAPPY BIRTHDAY

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



# जसपाल राणा

28 जून 1976

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

28 जून 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

अपने बच्चों को वह जल्दी सिखाएं

जो आप जीवन में देर से सीखते हैं।

**रिचर्ड फेनमैन**



राकेश कुमार